उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।


आज दिनांक 25.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह भी मौजूद रहीं।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 25.09.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा पीड़िताओं एवं उनके परिवारीजनों की काउन्सलिंग कर शिकायतों का निस्तारण कर चलाया गया जन-जागरुकता कार्यक्रम-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित जन-जागरुकता कार्यक्रमों के क्रम में आज दिनांक 25.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में महिला बीट प्रणाली के सुदृढीकरण हेतु के थानों में गठित महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के गली- मोहल्लों एवं बीट क्षेत्र में भ्रमण कर वहां पर चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनको जागरुक किया गया।

**चौपाल का आयोजन कर सुनी समस्याएं किया जागरुक-**

महिला बीट में तैनात की गई महिला पुलिसकर्मी अपनी बीट के गांवों में निरंतर भ्रमणशील हैं। महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित बीट के ग्रामीण अंचलों में जाकर महिलाओं के साथ होने वाले घरेलू विवाद, उत्पीड़न जैसी समस्याओं को सुना जा रहा है तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये जरुरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त महिला पुलिसकर्मी महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को वीमेन पावर लाइन, डायल 112 जैसी विभिन्न पुलिस सेवाओं एवं शासन द्वारा उनके हित में की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरुकता पम्पलेट्स भी वितरित किये जा रहे हैं।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ0नि0 अंकित कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.पप्पू राजपूत उर्फ मनमोहन पुत्र छविलाल उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम टोलापातर थाना महोबकंठ जनपद महोबा 2.सुरेन्द्र पुत्र लल्लू उम्र करीब 41 वर्ष निवासी टोलापातर थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिनके कब्जे से 02 अदद प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरी में अलग अलग क्रमशः 17 क्वार्टर व 19 क्वार्टर देशी शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुए ग्राम टोलापातर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 178/2024 व मु0अ0सं0-179/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0उ0नि0 अंकित कुमार यादव
2. आरक्षी सौरभ सिंह 3.आरक्षी अरूण यादव

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.पप्पू राजपूत उर्फ मनमोहन पुत्र छविलाल उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम टोलापातर थाना महोबकंठ जनपद महोबा

2.सुरेन्द्र पुत्र लल्लू उम्र करीब 41 वर्ष निवासी टोलापातर थाना महोबकंठ जनपद महोबा।



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.09.2024

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपरधिक प्रवृत्ति के अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 24.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ0नि0 राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर रुपयों-पैसों से हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.माखन लाल अहिरवार पुत्र स्व0 मूलचन्द्र उम्र करीब 42 वर्ष निवासी इटौरा बुजुर्ग थाना महोबकंठ जनपद महोबा 2.भूपेन्द्र राजपूत पुत्र श्री शिवसराय राजपूत उम्र करीब 26 वर्ष निवासी इटौरा बुजुर्ग थाना महोबकंठ जनपद महोबा 3.जैलेन्द्र राजपूत पुत्र श्री भारत सिंह उम्र करीब 23 वर्ष निवासी इटौरा बुजुर्ग थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम इटौरा बुजुर्ग के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनकी जामा तलाशी से 250 रूपये, मालफड़ 600 रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय में मु0अ0सं0 180/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.उ0नि0 श्री अंकित कुमार यादव
2. कां0 कुंवर पाल 3. कां0 सौरभ सिंह 4. कां0 विजय निरंकारी

### गिरफ्तार अभियुक्तगण–

1.माखन लाल अहिरवार पुत्र स्व0 मूलचन्द्र उम्र करीब 42 वर्ष निवासी इटौरा बुजुर्ग थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2.भूपेन्द्र राजपूत पुत्र श्री शिवसराय राजपूत उम्र करीब 26 वर्ष निवासी इटौरा बुजुर्ग थाना महोबकंठ जनपद महोबा
3.जैलेन्द्र राजपूत पुत्र श्री भारत सिंह उम्र करीब 23 वर्ष निवासी इटौरा बुजुर्ग थाना महोबकंठ जनपद महोबा।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मुख्यालय महोबा के संभ्रान्त व्यक्तियों एवं व्यापारी बन्धुओं के साथ की गई गोष्ठी, समस्याओं का अनुश्रवण कर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में दिए गए आवश्यक निर्देश-

दिनांक 24.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा अन्तर्गत चौकी भटीपुरा में जनपद महोबा मुख्यालय के संभ्रान्त व्यक्तियों एवं व्यापारियों के साथ आगामी त्यौहारों यथा- गांधी जयंती, नवरात्र, भरत मिलाप, दशहरा इत्यादि के दौरान मुख्यालय के प्रमुख स्थलों/प्रतिष्ठानों में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत तथा त्यौहारों के दौरान जनपद में यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया। व्यापारी बन्धुओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं/सुझावों का अनुश्रवण किया गया, इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध मे प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा को एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में प्रभारी यातायात को प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

व्यापारी बन्धुओं को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की अपील की गयी तथा बढते साइबर अपराध के प्रति जागरुक करते हुए बताया गया कि कभी भी अपना पिन नं., ओटीपी, एटीएम नं. को शेयर न करें, सभी पर्वों को भाई चारे के साथ सौहार्दपूर्ण रुप से हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने की अपील की।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर नरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह सहित जनपद के सम्भ्रान्त व्यक्ति एवं व्यापारीबन्धु मौजूद रहे।






# यातायात पुलिस टीम ने सेन्ट जोसेफ कॉलेज में यातायात जागरुकता कार्यशाला का किया आयोजन, छात्रों को पढाया यातायात नियमों का पाठ-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे यातायात जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 25.09.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत अवस्थित सेन्ट जोसेफ कॉलेज महोबा में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों के बीच सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह ने सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी यातायात सुरक्षा सम्बन्धी बातों का ध्यान रखें, हमेशा सड़क के दोनो ओर देख कर की सड़क को पार करें, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट का प्रयोग करें, ध्यान रहे इस दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस जागरुकता कार्यशाला में मौजूद सभी को इन नियमों का पालन किये व कराये जाने की अपील की गई एवं ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

इस दौरान सेन्ट जोसेफ कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं एवं सम्मानित शिक्षकगण मौजूद रहे।



## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर अग्निशमन टीम एलर्ट मोड पर, आतिशबाज की दुकानों की चेकिंग कर सुरक्षा मानकों को परखा गया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी आने वाले दशहरा एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर अग्निशमन विभाग को अलर्ट कर दिया गया है साथ ही जनपदवासियों को सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराये जाने उद्देश्य से आज दिनांक 25.09.2024 को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा जनपद के तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र में स्थापित लाइसेंस धारक स्थाई आतिशबाजी की दुकानों में पहुंचकर सुरक्षा मानकों को परखा गया इस दौरान वहां मौजूद अग्निशमन उपकरणों का निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर पूर्ण करने एवं सुरक्षा मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए गए।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा उनके लाइसेंस एवं दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान स्टॉक रजिस्टर पूरे करने एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए जाने के लिए चेतावनी दी गई है। सभी को निर्देश दिए कि आतिशबाजी लाइसेंस धारकों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि त्यौहारों के दृष्टिगत आतिशबाजी निर्माण एवं विक्रय स्थलों की जांच का अभियान लगातार चलेगा। किसी प्रकार की आग दुर्घटना होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।





## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 25.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक कुमार दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0112/24 धारा 333/74/115(2)/352/351(3)/65(1) बीएनएस व धारा 7/8, 4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त कुलदीप कुशवाहा पुत्र रमेश कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा को खन्ना कानपुर हाइवे रोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

कुलदीप कुशवाहा पुत्र रमेश कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह
2. हे0का0 लोकेश प्रताप सिंह

